# बजे कुण्डल पुर मे | By Rajender Jain

हो बजे कुण्डलपुर में बधाई।।
हो बजे कुण्डलपुर में बधाई।।
के नगरी में वीर जन्मे.....
के नगरी में वीर जन्मे......
महावीर जी।।

हो जागे भाग है त्रिशला मां के।।
हो जागे भाग है त्रिशला मां के।।
के त्रिभुवन के नाथ जन्मे .....
के त्रिभुवन के नाथ जन्मे ......
महावीर जी।।

हो शुभ घड़ी जनम की आयी।।
हो शुभ घड़ी जनम की आयी।।
के स्वर्ग से देव आये......
के स्वर्ग से देव आये.....
महावीर जी।।

तेरा नमन करें मेरु पर।।
तेरा नमन करें मेरु पर।।
के इन्द्र जल भर लाये.......
के इन्द्र जल भर लाये.......
महावीर जी।।

हो तुझे देवियाँ झुलावे पलना।।
हो तुझे देवियाँ झुलावे पलना।।
के मन में मगन होके......
के मन में मगन होके......
महावीर जी।।

तेरे पलने में हीरे मोती।।
तेरे पलने में हीरे मोती।।
के डोरियों में लाल लटके......
के डोरियों में लाल लटके......
महावीर जी।।

हो अब ज्योति तेरी जागी।।
हो अब ज्योति तेरी जागी।।
के सूर्य चाँद छिप जाएँ......
के सूर्य चाँद छिप जाएँ......
महावीर जी।।

तेरे पिता लुटावें मुहरे।।
तेरे पिता लुटावें मुहरे।।
खजाने सारे खुल जायेंगे.....
खजाने सारे खुल जायेंगे......
महावीर जी।।

हो हम दरश को तेरे आये।।
हो हम दरश को तेरे आये।।
के पाप सब काट जायेंगे......
के पाप सब काट जायेंगे......
महावीर जी।।

हो बजे कुण्डलपुर में बधाई।।
हो बजे कुण्डलपुर में बधाई।।
के नगरी में वीर जन्मे.....
के नगरी में वीर जन्मे......
महावीर जी।।

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%9c%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a5%81%e0%a4%a3%e0%a5%8d%e0%a4%a1%e0%a4%b2-%e0%a4%aa%e0%a5%81%e0%a4%b0-%e0%a4%ae%e0%a5%87-by-rajender-jain/